तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 गुरुर कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस पर मॉडल...



13 शिक्षक समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के ...



खबर संक्षेप

राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में की कोहाना कुमेटी का चयन

दल्लीराजहरा। विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय योगासन प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा की छात्रा बहिन कोहाना कुमेटी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया है। उनका चयन भारत के मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित दल्लीराजहरा का गौरव बढ़ा है। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित योगासन प्रतियोगिता 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक होजाई, असम में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभागी अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय मंच पर मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से कोहाना कुमेटी ने दल्लीराजहरा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है।



निहारिका का जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में चयन

बालोद। आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा की निहारिका बारले पिता नीलकंठ बारले का जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में चयन हुआ है। चयन होने पर माता, पिता व गुरुजनो साथ ही अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, विधिक सलाहकार बालोद विजय बारले, सरपंच प्रीतम ठाकुर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष द्वारिका बारले, अध्यक्ष ग्रामीण सतनामी समाज हेमलाल मारकंडे, अथगंवा अध्यक्ष सुखित लहरे, अधिवक्ता रोहित टण्डन, प्रकाश टण्डन, पंच गण चंद्रिका चंद्राकर, चैन पटेल, हेमंत चंद्राकर, रोमन निषाद, चनेश्वर सारथी, कोटवार नसिंर्ग दास व ग्रामीण जन ने निहारिका बारले के प्रति हर्श व्यक्त किया।



नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू, 11 अक्टूबर को होगी ज्योति कलश स्थापना

डौंडीलोहारा। श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, बड़गांव में विकास समिति द्वारा क्वार नवरात्रि पर्व 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन के तहत श्रद्धालुओं के लिए ज्योति कलश स्थापना, पंचमी पूजा, महाष्टमी हवन तथा ज्योति कलश विसर्जन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मन्दिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 11 अक्टूबर, रविवार को सुबह 10 बजे से मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के साथ होगी। इसके बाद 15 अक्टूबर, गुरुवार को शाम 5 बजे पंचमी पूजा आयोजित की जाएगी। 18 अक्टूबर, रविवार को शाम 4 बजे महाष्टमी पूजा एवं हवन का कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम 6 बजे सामूहिक कन्या भोज का आयोजन भी रखा गया है। नवरात्रि के समापन अवसर पर 19 अक्टूबर, सोमवार को दोपहर 3 बजे ज्योति कलश विसर्जन किया जाएगा। साथ ही ग्राम में दशहरा पर्व का भी आयोजन किया जायेगा। नवरात्रि में ग्राम का माहौल काफी भक्ति पूर्ण हो जाता है। इस वर्ष यहां दो स्थानों पर मां भगवती दुर्गा की तथा देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापना भी की जायेगी। हनुमान मंदिर विकास समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए तेल ज्योति 1051 ▶▶| शेष पेज 12 पर



बालोद में निकली सेवा ज्योति कलश यात्रा, जनसेवा और विकसित भारत का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरदार पटेल मैदान से अटल परिसर तक उमड़ा जनसैलाब





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर तथा 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय में भव्य 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का आयोजन हुआ।

'सेवा ज्योति कलश यात्र' जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान से प्रारंभ होकर दल्ली चैक, नया बस स्टैंड और संजारी क्लब होते हुए अटल परिसर पहुंची। इस अवसर पर पूरे जिले से बड़ी संख्या में आम नागरिक, मातृशक्ति, युवा और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशाल जनसमूह ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने सरकार के मुखिया के रूप में दायित्व संभाला था, तब से आज तक सेवा के 25 वर्ष पूरे होना जनता–जनार्दन के निरंतर आशीर्वाद और अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से है कि देश का विकास कहाँ तक पहुँचा है। राष्ट्र की सेवा का अवसर मिलना अमूल्य है और जब नीतियां स्पष्ट तथा नीयत साफ होती है, तो चुनौतियां अवसरों में बदल जाती हैं। प्रधानमंत्री ने सुशासन के मूल मंत्र 'सैचुरेशन' (संतृप्ति) पर बल देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ प्रत्येक पात्र व्यक्ति ▶▶| शेष पेज 12 पर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने पीड़िता के पुनर्वास और विधिक सहायता पर दिया जोर

एसिड अटैक पीड़िता को न्याय, उपचार व क्षतिपूर्ति दिलाने आपराधिक चोट क्षतिपूर्ति बोर्ड की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एसिड अटैक से पीड़ित युवती को हुए शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान को ध्यान में रखते हुए आपराधिक चोट क्षतिपूर्ति बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्याम लाल नवरत्न की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक का उद्देश्य पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने के साथ–साथ उसे नियमानुसार क्षतिपूर्ति, उपचार एवं आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराना रहा। बैठक में एसिड अटैक पीड़िता की वर्तमान स्थिति, उपचार में होने वाले खर्च, भविष्य में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं तथा घटना से हुए शारीरिक एवं मानसिक नुकसान पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने पीड़िता के सामने आ रही कठिनाइयों और उसके पुनर्वास से जुड़े पहलुओं की भी जानकारी ली। पीड़िता को नियमानुसार क्षतिपूर्ति एवं आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में गंभीरता से विचार–विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा पीड़िता के मामले से जुड़े आवश्यक दस्तावेज, चिकित्सकीय रिपोर्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने प्रकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने तथा शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत उचित सहायता एवं क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। साथ ही क्षतिपूर्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और पीड़िता को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस संबंध में भी आवश्यक ▶▶| शेष पेज 12 पर



डेढ़ साल पहले लाइब्रेरी में हुई दोस्ती, शादी का दबाव, इनकार पर एसिड अटैक

बालोद। एसिड अटैक के आरोपी और पीड़ित युवती में जान-पहचान करीब डेढ़ वर्ष पहले लाइब्रेरी में हुई थी, जहां दोनों प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने आते थे। धीरे-धीरे दोस्ती हो गई फिर आरोपी इस दोस्ती को रिश्ते में बदलना चाहता था। लेकिन युवती अपने करियर को लेकर फोकस थी। इसलिए शादी से मना किया तो आरोपी ने एसिड अटैक कर दिया। आरोपी युवक का पिता भी पुलिस विभाग में है। जबकि पीड़िता भी पुलिस कर्मी की बेटी है। मिली जानकारी के अनुसार आज से करीब डेढ़ वर्ष पूर्व जिला स्थित एक लाईब्रेरी युवक व युवती की पहली मुलाकात हुई थी। जहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दोनों जाते थे। इसी दौरान युवक व युवती की जान पहचान हुई तथा दोनों दोस्त बन गए। जिसके बाद मोबाइल के माध्यम ▶▶| शेष पेज 12 पर

एसिड अटैक की घटना पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने जताई चिंता, दोषियों को कठोर सजा की मांग



गुण्डरदेही। बालोद में मासूम बच्ची के साथ हुई एसिड अटैक की जघन्य घटना अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक है। यह घटना न केवल पीड़ित बच्ची और उसके परिवार को गहरा आघात पहुंचाने वाली है, बल्कि पूरे समाज और न्याय व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। गुण्डरदेही तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार बंजारे इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग कि है कि इस मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के तहत कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित बच्ची को शीघ्र न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हो। इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ बालोद द्वारा अभियुक्तों की ओर से पैरवी नहीं करने संबंधी व्यक्त की गई भावना का मैं सम्मान करता हूँ। यह निर्णय पीड़िता के प्रति ▶▶| शेष पेज 12 पर

28.51 लाख का उप स्वास्थ्य केंद्र बन रहा, पहुंच मार्ग बदहाल मरीजों की राह में कीचड़ और गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरेतरा में 28.51 लाख की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन भवन तक पहुंचने के लिए पक्का मार्ग नहीं है। वर्तमान में पूरा पहुंच मार्ग दलदल, कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि पानी टंकी के पास बन रहे निर्माणाधीन नवीन उप–स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाला लगभग 200 मीटर का रास्ता पूरी तरह कीचड़ और जलभराव से घिरा हुआ है। आलम यह है कि भवन निर्माण के बाद मरीजों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। बारिश में पानी भरने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता नहीं होने से एम्बुलेंस केंद्र तक नहीं पहुंच पायेगी, जिससे ▶▶| शेष पेज 12 पर

- सरपंच ने मार्ग के सीमेंटीकरण व मरम्मत की मांग की

मर्डर केस में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को आजीवन की कारावास सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा किया जिसमें आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पुलिस द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं विवेचना के आधार पर प्रधान न्यायाधीश ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मृतिका के हाथ पर बने केके. टैटू से हुई पहचान, तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों ने हत्या का राज खोला। थाना डौंडी लोहारा क्षेत्र में घटित सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर के मामले में बालोद पुलिस की प्रभावी एवं वैज्ञानिक विवेचना को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की जांच में मृतिका की पहचान से लेकर आरोपी तक पहुंचने की चुनौती को तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक जांच और मैदानी विवेचना के माध्यम से सुलझाया गया। मामले में माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय डीजे कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। यह मामला थाना डौंडी लोहारा में धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया गया था। मामले की शुरुआत में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतिका की पहचान करना था। मृतिका के हाथ पर अंग्रेजी अक्षरों में के.के. टैटू बना हुआ था, पुलिस ने इस टैटू को अहम सुराग मानते हुए तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर जांच शुरू की।ष लगातार प्रयासों और जांच के बाद मृतिका की पहचान ग्राम पाररास बालोद निवासी कमला राजपूत के रूप में हुई। पहचान सुनिश्चित होने के बाद पुलिस ने मृतिका संपर्कों, गतिविधियों और घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच की।

विवेचना के दौरान घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर महत्वपूर्ण भौतिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य जुटाए गए। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक जांच और मैदानी विवेचना को आपस में जोड़कर घटनाक्रम की कड़ियों का विश्लेषण किया गया। पुलिस टीम के लगातार प्रयासों और साक्ष्यों के वैज्ञानिक विश्लेषण से मामले की गुत्थी सुलझती गई और पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही।

राजा बाड़ा में शिव महापुराण कथा का श्रवण करने पहुंचीं कौशल्या देवी साय, मंत्री टंकराम वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर के राजा बाड़ा में आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा में बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा उच्च शिक्षा विभाग मंत्री टंकराम वर्मा का आगमन हुआ। उन्होंने श्रद्धापूर्वक शिव महापुराण कथा का श्रवण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर यज्ञदत्त शर्मा, देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तिमिरेंदु शेखर कंवर, शेखर कंवर, सुभाष चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुखदेव भगत के प्रथम बालोद आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा छग प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी सुखदेव भगत बस्तर प्रवास के दौरान प्रथम बालोद आगमन पर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर प्रभारी साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, राज्यसभा सांसद फूलोंदेवी नेताम, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष एवं विधायक संगीता सिन्हा ने प्रभारी को बालोद जिला के समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराया संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला सुमीत राजपूत, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष धनुष साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता पुरण साहू, केदार देवांगन, चोवा राम साहू, एस कुमार कलिहारी, लाल खान, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष पाल सिंह भूआर्य, हेमशंकर साहू, गिरधारी देवांगन, गुलेंद्र कतलाम, नगर पंचायत अध्यक्ष यानेश साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राकेश सोनबेर, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, टिकेश्वर गोलू साहू, पार्षद तीरथ साहू, पुनेश्वर आदिल, प्रवीण सोनबेर, देवेंद्र शांडिल्य, केशव पटेल, आदेश्वर क्षत्रिय राजश्री क्षत्रिय, महिमा साहू, गोदावरी साहू, रूप साहू, सोमनाथ साहू, अंकुश देवान, हिमांशु लावत्रे, पीलू राम नोमेश दुग्गा सहित ब्लॉक के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

दुर्घटना की आशंका, नपा को सौंपा ज्ञापन

मुख्य मार्गों और बाजारों में मवेशियों के जमावड़े से यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर में लगातार बढ़ती आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर हिंदू सेना दल्ली राजहरा ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने नगर में खुलेआम घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और पशु मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन को 15 दिवस का स्पष्ट अल्टीमेटम दिया है। हिंदू सेना ने अपने आवेदन में बताया कि दल्ली राजहरा के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों सहित विभिन्न आवासीय इलाकों में बड़ी संख्या में मवेशी खुले में घूमते नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर मवेशियों के सड़क पर बैठने और झुंड में विचरण करने से यातायात प्रभावित हो रहा है। वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी के साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। संगठन का कहना है कि सड़कों पर भटकने वाले मवेशियों के कारण स्वयं गौवंश की सुरक्षा भी खतरे में है। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से उनके घायल होने या दुर्घटना का शिकार होने की आशंका बनी रहती है। वहीं सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर मवेशियों के जमावड़े से नगर की स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। हिंदू सेना ने मांग की है कि नगर क्षेत्र में खुले में घूम रहे आवारा मवेशियों को तत्काल पकड़कर सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान पर रखा जाए। इसके साथ ही जिन पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुले में छोड़ दिया जाता है, उनके खिलाफ नगर पालिका के नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

- कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



15 दिन में कार्रवाई नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना

हिंदू सेना ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 15 दिवस के भीतर आवारा मवेशियों की समस्या के समाधान के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर पालिका कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संगठन ने कहा कि इसके बाद उत्पन्न होने वाली स्थिति की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि अनुविभागीय दंडाधिकारी को भी सौंपी गई है, ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू सेना जिला अध्यक्ष नंदा पसीने, प्रदेश महामंत्री निलेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष शंकर साहू, नगर अध्यक्ष मातृशक्ति संगीता रजक, नगर महामंत्री पुष्पा शांडिल्य, नगर पालिका परिषद एल्डरमेन महेंद्र पिपरे, सर्व समाज अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री किरण सिन्हा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मंजीत कौर, गिरधर सिन्हा, गोलू जायसवाल और सोनू मानिकपुरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

खर्रा सरस्वती शिशु मंदिर ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हासिल किया तृतीय स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा नें राज्य स्तरीय मूर्ति कला एवं मानस प्रथमाक्षरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा के भैया–बहन प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव बिलासपुर में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भैया–बहनों का बौद्धिक विकास, मानसिक विकास, प्रतिभा निखारने के लिए बिलासपुर में आयोजित हुआ। मूर्तिकला बाल वर्ग में प्रियांशु साहू, पिता शिव शंकर साहू ने उत्कृष्ट मूर्ति निर्माण कर छग राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानस प्रथम अक्षरी शिशु वर्ग में लक्षिता ठाकुर, दिव्या कौशिक एवं सोनाक्षी सलाम की टीम तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

भैया बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फलदेव साहू, बौद्धिक प्रमुख सुखित राम कलीहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी छविलता पटेल, रंजना सिन्हा ▶▶| शेष पेज 12 पर

कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर फूंका ज्ञानेश कुमार का पुतला, पुलिस से हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ एक विशाल जन-आक्रोश मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च जेआरडी स्कूल के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा कलेक्टोरेट परिसर तक निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचने से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा भारी बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस व जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके पश्चात दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्रकार सहित प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश का लोकतंत्र और हमारी संवैधानिक संस्थाएं इतिहास के सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियों ने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग निष्पक्षता छोड़ सत्ता पक्ष के उपकरण के रूप में काम कर रहा है। बिना सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी और नियमों को दरकिनार कर फॉर्म-6 में अवैध बदलाव किए गए, जिससे देश के लाखों वैध नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से वंचित कर दिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा

धीरज बाकलीवाल ने कहा दो वरिष्ठ चुनाव आयुक्तों ने इस असंवैधानिक बदलाव पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपनी तानाशाही से उसे दबा दिया। सर्वोच्च न्यायालय में झूठ बोलना और संविधान को ठेंगा दिखाना सीधा देशद्रोह जैसा कृत्य है। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के नाम पर किया गया यह कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा है। जब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि उन्होंने फॉर्म-6 में बदलाव की कोई मंजूरी नहीं दी थी, तो आयोग का यह कदम पूरी तरह असंवैधानिक साबित होता है। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाना लोकतंत्र की हत्या है। आज दुर्ग की जनता और कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड्स तोड़कर यह संदेश दे दिया है कि संविधान से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना ही होगा।

समाजवादी पार्टी ने भी दिया प्रदर्शन को समर्थन



मार्च को समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष रज्जाक अली, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड एसपी डे, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड विनोद कुमार सोनी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के कामरेड विजेंद्र तिवारी ने अपने-अपने दलों की ओर से समर्थन किया और कहा कि यह लड़ाई किसी एक दल की नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक के मताधिकार और संविधान को बचाने की लड़ाई है। चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था में बैठे शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति जब खुद वैधानिक नियमों का उल्लंघन करे, तो यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बहुत बड़ा धब्बा है। रज्जाक रजा ने कहा कि देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, राजीव गुप्ता, दीपक दुबे, महेंद्र वर्मा, तरुण बिजौर, निरंजन राजपूत, उमाकांत चंद्राकर, दर्शन सिंह, कमलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

रविशंकर स्टेडियम में सेवा संकल्प शिविर आज

दुर्ग। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में जिला स्तरीय सेवा संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को सहायता अनुदान, विभिन्न योजनाओं के लाभ एवं सामग्री का वितरण किया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने और उन्हें मौके पर लाभ दिलाने की पहल की जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा उपलब्ध सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

नवाचार इनोवेशन को मौका, 17 तक पंजीयन

दुर्ग। घर, खेत, समूह और कार्यस्थल पर महिलाएं प्रतिदिन संसाधनों के बेहतर उपयोग के नए तरीके खोजती हैं। ईंधन बचाने वाला चूल्हा, स्व-सहायता समूह के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग और ऑनलाइन बिक्री का नया मॉडल, या पोषण और स्वच्छता से जुड़े सरल उपकरण ऐसे विचार छोटे स्तर से शुरू होकर बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 महिलाओं को ऐसे नवाचारी समाधान आगे लाने का अवसर देता है। चैलेंज में प्रत्येक क्षेत्र का एक पुरस्कार महिला श्रेणी के लिए आरक्षित है। इस श्रेणी में तीन प्रकार से आवेदन किया जा सकता है। कोई महिला व्यक्तिगत रूप से ऐसी टीम जिसके मुख्य सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएँ हों; अथवा ऐसी संस्था जिसकी कम से कम 51 प्रतिशत अंशधारिता पिछले दो माह या अधिक से महिलाओं के पास हो। छात्राएं, गृहिणियां, शिक्षिकाएं, शोधार्थी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूह सभी इसमें भाग ले सकते हैं। आवेदक अथवा टीम के किसी एक सदस्य के पास छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। प्रत्येक विजेता को 10 लाख की राशि दी जाएगी। आवेदन पोर्टल sevainnovationchallenge.in पर मोबाइल ओटीपी से पंजीयन कर किया जा सकता है। आवेदन 17 अक्टूबर तक किया जा सकता है।

मॉडल टाउन के कबीर कुटी मुक्तिधाम तक पहुंचना भी मुश्किल

मुक्तिधाम बदहाल, 27 लाख का सामुदायिक भवन जर्जर, 10 साल से उद्घाटन का इंतजार

वार्ड 3 परिक्रमा नगर निगम भिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा में सामने आईं मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं, लोगों ने मुक्तिधाम के उन्नयन, सौंदर्यीकरण और सड़क सुधार की मांग उठाई

नगर निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-3 मॉडल टाउन में वार्ड परिक्रमा के दौरान क्षेत्र की कई बुनियादी समस्याएं सामने आईं। कहीं लाखों रुपए की लागत से बना सामुदायिक भवन वर्षों से उपयोग और उद्घाटन का इंतजार कर रहा है, तो कहीं मुक्तिधाम की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जबकि कई बार जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने इन समस्याओं को रखा जा चुका है।

मॉडल टाउन में करीब 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन पिछले लगभग 10 वर्षों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार भवन बनने के बाद भी इसका नियमित उपयोग शुरू नहीं हो सका। देखरेख और उपयोग के अभाव में भवन की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। क्षेत्र में सामुदायिक भवन की आवश्यकता होने के बावजूद तैयार भवन का उपयोग नहीं हो पाना लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि भवन का उद्घाटन कर इसे क्षेत्र के लोगों के उपयोग में लाया जाए तो सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए उन्हें काफी सुविधा मिल सकती है।लोगों का आरोप है कि वर्षों से भवन बंद पड़ा होने के कारण अब यह धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ऐसे में लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी उसका अपेक्षित लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि कबीर कुटी मुक्तिधाम का उन्नयन किया जाए तो इसका सीधा फायदा आसपास के लोगों को मिलेगा। साथ ही रामनगर मुक्तिधाम पर पड़ने वाला दबाव भी कम किया जा सकता है। लोगों ने मुक्तिधाम में स्थायी शेड निर्माण, प्रतीक्षालय की मरम्मत, परिसर के सौंदर्यीकरण, आवश्यक सुविधाओं के विकास और अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है।



वार्ड सामुदायिक भवन लंबे समय से बदहाल पड़ा हुआ है।

कबीर कुटी मुक्तिधाम की हालत भी चिंताजनक



वार्ड के विनोवा नगर स्थित कबीर कुटी मुक्तिधाम की स्थिति भी स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यहां बना प्रतीक्षालय कक्ष जर्जर हालत में है। सबसे बड़ी समस्या मुक्तिधाम में पर्याप्त शेड का नहीं होना है। बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार के दौरान बारिश से बचने के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ती है। इससे अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले परिवारों और लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ती है। यहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं है।



मुक्तिधाम तक पहुंचने वाली सड़क भी जर्जर

समस्या केवल मुक्तिधाम परिसर तक सीमित नहीं है। यहां पहुंचने वाला रास्ता भी खराब हालत में है। सड़क की स्थिति खराब होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। विशेष रूप से अंतिम संस्कार के दौरान परिवार और अन्य लोगों को खराब रास्ते के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड परिक्रमा के दौरान जुनवानी वार्ड के कुछ हिस्सों में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने शिकायत की। स्थानीय लोगों ने नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है,

18 साल से अंतिम संस्कार की सेवा में जुटे घनश्याम साहू



मुक्तिधाम में घनश्याम साहू पिछले करीब 18 वर्षों से दाहसंस्कार कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से यहां शेड सहित कई मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है और तिरपाल के सहारे व्यवस्था करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित स्थान की जरूरत है। वर्तमान व्यवस्था के कारण कई बार उपलब्ध स्थान के अनुसार अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

पार्षद का दावा : पांच साल में 3.75 करोड़ के विकास कार्य 50 परिवारों को मिला पट्टा



वार्ड में सामने आई समस्याओं के बीच पार्षद हरिओम तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों और क्षेत्र के निवासियों को पट्टा दिलाने की जानकारी दी। पार्षद के अनुसार विनोवा नगर और उड़िया बस्ती के करीब 50 परिवारों को पट्टा दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि मॉडल टाउन वार्ड पहले अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आता था। उनके प्रयासों से पूरी कॉलोनी को वैध कराते हुए वार्ड का नियमानुसार नक्शा तैयार कराया गया। पार्षद ने दावा किया कि इससे पहले क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा तैयार किए गए अवैध नक्शे प्रचलन में थे। कॉलोनी को वैध कराने और सही नक्शा तैयार कराने से क्षेत्र के रहवासियों को भविष्य में दस्तावेज संबंधी परेशानियों से राहत मिलने की बात उन्होंने कही।

उन्होंने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाने का भी दावा किया। इनमें क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल होने की बात कही गई है। पार्षद ने बताया कि जुनवानी वार्ड में वर्तमान में कोई पार्षद नहीं होने के कारण वहां की देखरेख भी उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन के साथ जुनवानी क्षेत्र की समस्याओं और लोगों की मांगों को भी संबंधित स्तर पर उठाया जा रहा है।

वार्डवासियों का यह कहना...



इस सामुदायिक भवन के बनने से गरीब तबके और मध्यम वर्गीय परिवारों के लोगों के शादी ब्याह ,सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु यह वरदान साबित होगा ।

- खिलेश सूर्यवंशी
मॉडल टाऊन वार्ड 03



मुक्तिधाम का उन्नयन आवश्यक विनोबा नगर वार्ड 3 के मुक्तिधाम का उन्नयन आवश्यक है। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

-मनीष शर्मा,
वार्ड-3

ठेले और पसरे लगने से हर दिन हो रहा ट्रैफिक जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक बार फिर नए सिरे से तैयारी शुरू की गई है। इंदिरा मार्केट मार्ग और चौक के आसपास पसरा और ठेला लगाने वालों को निगम उतई टैम्पो स्टैंड के पास निर्धारित जगह पर शिफ्ट करेगा। इसे लेकर महापौर ने ने आयुक्त लीना कोसम और सभापति श्याम शर्मा के साथ बैठक की। बैठक में इंदिरा मार्केट की व्यवस्थाओं, यातायात व्यवस्था एवं व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने व्यापारियों से बारी-बारी चर्चा करते हुए बाजार की वर्तमान स्थिति, दुकानों की समस्याओं, यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर सुझाव लिए। बैठक में इंदिरा मार्केट की कुछ दुकानों के जर्जर होने तथा आवश्यक मरम्मत कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों से कहा गया कि जिन दुकानों में मरम्मत की आवश्यकता है, वे नियमानुसार आवश्यक मरम्मत कार्य अपने स्तर पर स्वयं के व्यय से कराने को लेकर निर्णय लें, ताकि दुकानों की स्थिति बेहतर हो सके और व्यापारियों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। महापौर अलका बाघमार ने इंदिरा मार्केट में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए व्यापारियों से सुझाव मांगे। व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए बाजार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया।महापौर ने कहा कि व्यापारियों और निगम प्रशासन के समन्वय से इंदिरा मार्केट की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा तथा बाजार की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। बैठक में एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, लीलाधर पाल, रंजीता पाटिल सहित अन्य मौजूद थे।

सड़क किनारे लग रही दुकानों ने बढ़ाई परेशानी

बता दें कि इंदिरा मार्केट और इसके आसपास सड़क किनारे बेतरतीब दुकानें लग रही हैं। निगम कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। पुलिस की सर्चिंग भी नाम के लिए होती है। इसके चलते ठेले वालों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। इतना ही नहीं दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने अवैध पार्किंग कराई जा रही है। इस वजह से हर दिन शाम के समय ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रहा है। खास बात यह है कि स्थानीय रहवासियों द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है।



सफाई कार्य में लगीं स्वच्छता दीदियों को मिला सम्मान



भिलाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद जामुल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्वच्छता दीदियों महादेव के दर्शन भी कराए गए। ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि बीते 5 वर्षों से जामुल नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान दे रही हमारी सभी स्वच्छता दीदियों का मैं हृदय की गहराइयों से आभार। हर सुबह जब पूरा शहर गहरी नींद में होता है, तब ये दीदियां पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सड़कों पर उतरती हैं और अपने अथक परिश्रम से हमारे शहर को संवारती हैं। उनके इस निस्वार्थ सेवा-भाव और अदम्य जज्बे को मेरा कोटि-कोटि प्रणाम, शत-शत नमन। इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

पाटन व अहिवारा में गंदे पानी को साफ करने के लिए बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

दुर्ग। जिले में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय निकायों के सुव्यवस्थित विकास को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पंचायत पाटन तथा नगर पालिका परिषद अहिवारा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशों एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 4-1 की कंडिका 26 के प्रावधानों के तहत एक रुपये प्रति वर्गफीट की दर से निर्धारित मूल्य राज्य कोष में जमा कराए जाने के फलस्वरूप यह आवंटन बिना भू-भाटक प्रदान किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पाटन पटवारी हल्का नंबर 38 स्थित खसरा नंबर 315 की 0.50 हेक्टेयर यानी 53,820 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण के लिए दी गई है। वहीं अहिवारा के बानबरद में पटवारी हल्का नंबर 06 स्थित खसरा नंबर 1243 के कुल रकबा 3.10 हेक्टेयर में से 0.40 हेक्टेयर यानी 43,058.00 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण हेतु आबंटित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आवंटित भूमि का उपयोग केवल निर्धारित जनउपयोगी एवं सार्वजनिक कार्य हेतु ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भूमि का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा निर्माण के दौरान नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के प्रावधानों, लोकबाधा रहित संचालन, स्वास्थ्य सुरक्षा, सुविधा एवं पर्यावरण संरक्षण के मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

पेज 11 के शेष

बालोद में निकली सेवा ...

तक शासकीय योजनाओं का लाभ शत–प्रतिशत पहुँचना चाहिए, ताकि कोई भी हकदार पीछे न छूटे। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति का आह्वान करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और ऊर्जा से जुटने का संदेश दिया। समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस सेवा संकल्प अभियान में आज 7 अक्टूबर का दिन सेवा, समर्पण और संकल्प का महापर्व है। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व पटल पर 'सोने की चिड़िया' और 'विश्व गुरु' के रूप में स्थापित करना केवल एक विचार नहीं, बल्कि हम सभी के साझा प्रयासों से साकार होने वाला संकल्प है।

सांसद वर्मा ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा से करना होगा। चाहे मजदूर हों, किसान हों, व्यापारी हों या कर्मचारी, सभी अपने कार्य को राष्ट्र सेवा और धर्म मानकर ईमानदारी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी देश का स्वाभिमान और प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर निरंतर बढ़ेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने राष्ट्र प्रथम, जनसेवा और विकसित भारत 2047 की भावना के साथ समाज सेवा और देश के सवांगीण विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राज्य एथेलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, अभिषेक शुक्ला, देवेंद्र माहला सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

एसिड अटैक पीड़िता को ....

निर्देश दिए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्याम लाल नवरत्न ने कहा कि एसिड अटैक जैसी गंभीर घटनाओं से प्रभावित पीडितों को समय पर न्याय, बेहतर उपचार, मानसिक सहयोग एवं क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को विधिक सहायता प्रदान करने के साथ–साथ उसके सम्मानजनक जीवन और पुनर्वास के लिए भी हरसंभव सहयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीड़िता के हित में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप, सिविल सर्जन डॉ. आरके. श्रीमाली उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने पीड़िता को शासन की विभिन्न योजनाओं और विधिक प्रावधानों के तहत मिलने वाली सहायता की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की। बैठक का उद्देश्य पीड़िता को विधिक संरक्षण प्रदान करने के साथ–साथ उसे नियमानुसार क्षतिपूर्ति, उपचार, पुनर्वास एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा।

डेढ़ साल पहले लाइब्रेरी में हुई ...

से दोनों का करीब डेढ़ वर्ष तक बातचीत और दोस्ती चली। इसी दौरान आरोपी यश सोनकर युवती पर लगातार शादी के लिए दबाव डालने लगा। जबकि पीड़िता आगे बढ़ने की ललक के साथ पढ़ाई कर रही थी लिहाजा युवती ने पुलिस के बेटे के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जिससे आरोपी इतना नाराज हुआ कि अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती के ऊपर एसिड से हमला कर दिया। जिले में यह पहला मामला है जब किसी युवती पर एसिड से हमला किया गया हो।

एसिड अटैक की घटना पर ...

संवेदना तथा समाज के प्रति अधिवक्ता समुदाय की जिम्मेदारी को प्रतिबिंबित करता है। इसके लिए जिला अधिवक्ता संघ बालोद के पदाधिकारियों एवं समस्त अधिवक्ता साथियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। हमारी प्राथमिक चिंता यह है कि पीड़ित बच्ची को उचित चिकित्सा, सुरक्षा, सम्मान और न्याय मिले व शीघ्र एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पीड़ित परिवार को बंजारे ने आश्वासन दिया की इस कठिन समय में वे साहस, धैर्य और हिम्मत बनाए रखें। न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से बच्ची को न्याय दिलाने के लिए हम अपनी ओर से हरसंभव कानूनी एवं मानवीय सहयोग देने का प्रयास करेंगे। पीड़िता को न्याय व सम्मान मिले यही हमारी प्राथमिकता है और आरोपी को कठोर सजा मिले।

उन्होने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति को अनहोनी घटना का अहसास होता है तो तत्काल 112 को सुचित करे और अपनी बच्चों को सही शिक्षा व संस्कार देकर अपराध से दुर रखे।

28.51 लाख का उप स्वास्थ्य ...

आपात स्थिति में मरीजों की जान पर बन आ सकती है। दोपहिया वाहन का जाना तो दूर की बात है, पैदल चलना भी दूभर है। ग्राम पंचायत बिरेतरा की सरपंच तारिणी योगेश देशमुख ने बताया कि मार्ग के सीमेंटीकरण और मरम्मत के लिए कई बार आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मैं शासन–प्रशासन से मांग करती हूँ कि जनहित, मरीजों और स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन पहुंच मार्ग का तत्काल सीमेंटीकरण एवं मरम्मत कराई जाए। स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद भी अगर रास्ता नहीं बना तो लाखों की लागत बेकार हो जायेगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पायेगा।

खर्रा सरस्वती शिशु मंदिर ने ...

लीलेश्वरी साहू, रेणुका सिन्हा, देवयानी सेन, बीना साहू, ईश्वरी ठाकुर एवं सलाहकार मंडल के संयोजक रमेश यादव, सहसंयोजक हीरामन साहू, सदस्य दयाराम ठाकुर, राधेलाल साहू, ललित साहू, सुरेश पटेल, मुकेश लावतरे, टेमन ठाकुर, हरीश चंद्रवंशी सहित शिशु भारती व बाल भारती के पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया।

नवरात्रि पर्व की तैयारियां ...

रुपये तथा घी ज्योति 1751 रुपये निर्धारित की गई है। ज्योति कलश पंजीयन के लिए मंदिर के पुजारी व समिति के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है। हनुमान मंदिर विकास समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से नवरात्रि पर्व के सभी धार्मिक आयोजनों में सहपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

खबर संक्षेप



एनडीपीएस आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। एनडीपीएस मामले में फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जीरो स्ट्रीट, जोन-3, खुर्सीपार निवासी गुरमीत सिंह उर्फ लक्की के बयान में चिट्टा की बिक्री में शामिल फरार आरोपी की जानकारी मिली थी। तभी पुलिस ने अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी मज्जी कुमार,राबी सिंहको पकड़ा गया। आरोपियों ने अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से चिट्टा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

नशे के सामान के साथ युवक हुआ गिरफ्तार



भिलाई। सूखा नशे का सामान बेचने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ग्रीनवैली जुनवानी निवासी मोहम्मद मोनिस अंसारी को पकड़ा गया। उसके पास से 10.51 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 2.10 लाख रुपए और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुनवानी से खम्हरिया की ओर चिट्टा लेकर मोनिस आ रहा था। पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

राजस्थान के गिरोह ने की 19 लाख ठगी



भिलाई। नकली सोने के पत्तियों को असली बताकर ज्वेलर्स संचालक को 19.32 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसी कैमरों के आधार पर खोजबीन करना शुरु किया। इस दौरान 6 आरोपिों को पुलिस ने ट्रेस कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पुराना बाजार पाटन में स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स संचालक आनंद सोनी ने 24 सितंबर को पुलिस में शिकायत किया। जिसमें बताया गया कि ओमी सिंह,लाखन सिंह उसके शॉप में पहुंचे थे। उनके पास 18 नग सोने की पत्तियां, जिसका वजन लगभग 180 ग्राम था। जिसे असली सोना बताकर गिरवी रखा गया। इसके बादले में संचालक से 15 लाख 93 हजार रुपये लिया गया। आरोपियों ने शॉप से 3 नग सोने की अंगूठियां, वजन 18.910 ग्राम,चांदी की 01 जोड़ी पायल, वजन 176.590 ग्राम, कीमत 3 लाख 39 हजार रुपये उधारी में लिया। सात दिनों के भीतर ब्याज समेत रकम लौटाने का संचालक को भरोसा दिलाया गया। समय होने के बाद भी रकम वापस नहीं किया गया। संदेह होने पर गिरवी रखी गई सोने की पत्तियों की जांच कराने पर 10 प्रतिशत सोना और 90 प्रतिशत अन्य धातु मिलने की जानकारी मिली।

आयोजन : 290 से अधिक शिक्षकों एवं परिजनों का हुआ सम्मान

शिक्षक समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता: विधायक कुंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिकोसा

गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शिक्षकों का किया सम्मान, कहा एक सभ्य समाज और देश की प्रगति में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय।

विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर अर्जुन्दा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा प्रांगण में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र स्थित शालाओं के सत्र 2025–26 में सेवानिवृत्त शिक्षक, संकुल स्तर के उत्कृष्ट शिक्षक, संकुल प्रभारी प्राचार्य एवं दिवंगत शिक्षकों के परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद द्वारा 168 उत्कृष्ट शिक्षक, 50 संकुल प्रभारी प्राचार्य, 05 दिवंगत शिक्षक के परिवार,49 सेवानिवृत्त शिक्षक, 23 व्यायाम शिक्षक एवं अतिथि गणों का शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में संगठन से जुड़े कार्यकर्ता एवं शिक्षकों की भरपूर उपस्थित रही।





विधायक ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक अपने सबसे कमजोर विद्यार्थी के आत्मविश्वास और आत्म–सम्मान बढ़ाने में मदद करता हैं। वह अपने शिष्य को अपनी क्षमताओं और योग्यताओं को पहचान कर उसको सदैव बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुरु हमें एक सकारात्मक मानसिकता देने के साथ ही हमारे आने वाली पीढ़ियों और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाते हैं। एक शिक्षक के लिए गर्व का समय तब होता है जब उनका शिष्य उनसे भी आगे निकल जाता है, इसमें उन्हें निराशा नहीं बल्कि गर्व होता है और यही एक अच्छे गुरु या शिक्षक की पहचान होती है। आज हमारे देश–प्रदेश व क्षेत्र में शिक्षक लगातार अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूरे समर्पण भावना के साथ कार्य कर रहें हैं। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं। जिससे वह सही ग़लत की पहचान कर पाते हैं। जीवन में सही मार्ग पर चलना है उसके लिए प्रेरित करते हैं।

शिक्षक को हमें ईश्वर का दिया हुआ एक अमूल्य उपहार मानना चाहिए क्योंकि वें हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसलिए हमें सदैव उनके आभारी होने चाहिए और उन्हें सदैव सम्मान देना चाहिए। शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक की मेहनत और संस्कार से निकला विद्यार्थी आगे चलकर परिवार, समाज और देश की दिशा तय करता है।' इस दौरान विधायक ने कहा हमारे क्षेत्र के सभी शिक्षक सीमित संसाधनों के बीच भी जिस समर्पण, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। आपके प्रयासों से हमारे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवक्ता के साथ–साथ बच्चों में संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित हो रहा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अजुंर्दा जीवन बंदे, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही कचरू राम साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी बंगला संजीव चौधरी, राजेश बाफना, जनपद सदस्य ललिता भुआर्य, पार्षदगन हेमलता ठेठवार, राजु मिश्रा, तिलक देशमुख, हिरदे तरुण, वंदना पारख, कोजम दास टंडन, राजू देवांगन, अज्जू ठाकुर, हरीश चंद्राकर, कोदूराम दिल्लीवार, रामाधार गजेन्द्र, दिग्विजय ठेठवार, राजू पारख, केशव शर्मा, संजय साहू, भोजराज साहू, भूपेन्द्र चन्द्राकार, भूपेश नायक, सलीम खान, दिग्विजय ठेठवार, ऋषि बांडे, विनय साहू, सागर साहू, शिवेंद्र देशमुख, चित्रंश, मनीष टंडन, रत्नेश गायकवाड, विनोद साहू एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति रही।

पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में किया गया। उक्त बैठक में मुख्य अथिति सेवानिवृत प्राचार्य ओंकार प्रसाद थे। अध्यक्षता डॉ आरएम चावड़ा ने किया। विशेष अथिति बंसीलाल साहू, डॉ टीडी देवांगन, रामनाथ टेकाम एवं हेमवती तिहारे के आतिथ्य में सपन्न हुआ।

उक्त बैठक में डॉ आरएम चावड़ा ने प्रांतीय स्तर हो रहे कार्यवाही की जानकारी दी गई साथ ही पेंशनरों को पेंशन से संबधित किसी प्रकार की समस्या होने पर अपना आवेदन संघ को देने की बात कही आने वाले माह नवंबर में पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करना होता है जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज पूर्व से तैयारी कर लेवें, नए पेंशनर साथियों को सदस्यता फार्म कार्यालय में जमा करने की जानकारी दी गई। पेंशनर साथी दयालु राम यादव ने संगठन को मजबूती प्रदान करने साथ ही नए सदस्यों को संगठन में शामिल करने,एवं प्रत्येक मासिक बैठक में नियमित उपस्थिति प्रदान करने की जानकारी दी गई।





नये सदस्य के रूप में से. निवृत प्राचार्य अमाडुला ओंकार प्रसाद साहू, राधेश्याम ठाकुर रीवागहन, बिशाल सिंह धुरव, रामनाथ टेकाम एवं हेमवती तिहारे संघ में अपनी सदस्यता ग्रहण किये। कार्यक्रम का संचालन शेषनारायण दुबे द्वारा किया गया आभार उपाध्यक्ष बीआर साहू द्वारा दिया गया साथ ही कार्यक्रम के अंत में दिवंगत पेंशनर साथियों पूरनलाल गंगबेर, नीतूराम देशमुख, गीता हिरवानी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

मारुति नर्सिंग महाविद्यालय में छात्राओं को महिला-बाल संरक्षण कानूनों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आज मारुति नर्सिंग महाविद्यालय बालोद में अध्ययनरत छात्राओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं तथा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की सारगर्भित जानकारी दी गई। छात्राओं को 'मिशन वात्सल्य', एकीकृत बाल संरक्षण सेवाओं तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रमुख कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

- महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं को लेकर किया जागरूक

जागरूकता सत्र में आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता हेतु महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली तथा परामर्श सेवाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। छात्राओं को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाने के साथ–साथ महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से अपील की गई कि यदि आसपास बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण अथवा बच्चों व महिलाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या संज्ञान में आए, तो तत्काल संबंधित विभाग या हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें, ताकि समय रहते पीड़ित को आवश्यक सुरक्षा एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक वेद प्रकाश साहू, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर पूर्णिमा साहू, जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति) डॉ. एस. कुमार एवं सुपरवाइजर नेहा चन्द्राकर सहित छात्राएं तथा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।



खेल प्रशिक्षक भर्ती के लिए अब 17 अक्टूबर को होगा साक्षात्कार

बालोद। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर डौंडी में निवासरत छात्रों को खेल विधाओं का प्रशिक्षण देने हेतु दैनिक वेतन दर पर खेल प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि खेल प्रशिक्षक भर्ती के तहत आयोजित होने वाली प्रायोगिक परीक्षण एवं साक्षात्कार अब आगामी 17 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगी। ज्ञातव्य हो कि क्रीड़ा परिसर डौंडी में छात्रों को तीरंदाजी, कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेल विधाओं का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु योग्य खेल प्रशिक्षकों के आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत मेरिट सूची जारी कर पात्र उम्मीदवारों का प्रायोगिक परीक्षण एवं साक्षात्कार पूर्व में 10 अक्टूबर 2026 को आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर डौंडी में निर्धारित किया गया था। उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर डौंडी में दैनिक वेतन दर पर खेल प्रशिक्षक भर्ती हेतु प्रायोगिक परीक्षण एवं साक्षात्कार की आगामी तिथि 17 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा नियमावली जिले की आधिकारिक वेबसाइट अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बालोद में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

नपा अध्यक्ष तोरण ने जन्म दिन पर वार्ड 7 में तालाब सौंदर्यीकरण की बात कहीं





दल्लीराजहरा। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के प्रांगण में बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष, पीआईसी सदस्य, पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव समारोह के दौरान अध्यक्ष तोरण साहू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जन्मोत्सव समारोह के बीच अध्यक्ष तोरण साहू ने वार्ड क्रमांक 07 के लिए लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित तालाब सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर पूरा करने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष, पीआईसी सदस्य, पार्षदगण तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिगरेट मांगने पर युवक पर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

भिलाई। सिगरेट मांगने को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में आरोपी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि कवर्धा निवासी चित्रेश सहारे अपनी प्रेमिका और उसकी बहन के साथ दोस्त के पीजी पहुंचे थे। तभी पीजी में रहने वाले दो युवकों से विवाद हो गया। विवाद सिर्फ सिगरेट मांगने को लेकर हुआ था। इसके अलावा दोनों युवकों ने प्रेमिका से बदतमीजी भी की थी। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। फिर दोनों युवकों ने मारपीट करते हुए चित्रेश के पैर और जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।

सेवा एवं कौशल मूल्यांकन में विद्यार्थियों ने दिखाई संवेदनशीलता

आंगनबाड़ी बच्चों से साझा की पुस्तकें और वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/बालोद

समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित श्री हरि पब्लिक स्कूल खप्परवाड़ा ओटेबंद में बालवाटिका एवं फाउंडेशनल कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विशेष 'सेवा एवं कौशल मूल्यांकन' गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत विद्यार्थियों ने सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। बालवाटिका के विद्यार्थियों ने अपनी उपयोगी पुरानी पुस्तकें एवं वस्त्र एकत्र कर स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र ओटेबंद के बच्चों के साथ साझा किए।

श्री हरि पब्लिक स्कूल में 'सेवा एवं कौशल' को अन्य शैक्षणिक विषयों की तरह मूल्यांकन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। विद्यालय की यह पहल इस सोच पर आधारित है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान और अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों में जीवन-कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व, चरित्र निर्माण और मानवीय संवेदनशीलता का विकास भी आवश्यक है।



विद्यालय की प्रधानाचार्या संयोगिता सक्सेना ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल अच्छा विद्यार्थी बनाना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार मनुष्य बनाना भी है। छोटी उम्र में बच्चों को साझा करना और दूसरों के प्रति संवेदनशील होना सिखाने से ये संस्कार उनके व्यक्तित्व का स्वाभाविक हिस्सा बनते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा एवं कौशल मूल्यांकन इसी सोच को व्यवहार में उतारने का प्रयास है।



खबर संक्षेप

सार्थक का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

बालोद। होराइजन अकादमी, दुर्ग रोड गंजपारा बालोद के कक्षा आठवीं के छात्र सार्थक कोठारी का



कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय में मेरिट के आधार पर चयन हुआ है। प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सार्थक ने यह उपलब्धि हासिल की। सार्थक पढ़ाई के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहे हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय के संचालक रघुनाथ सागर, संचालिका महेश्वरी सागर, प्रधान पाठिका रेखा देशमुख सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

एग्रीस्टेक पंजीयन में मिली राहत, केंद्रीय बैंक अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

अण्डा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन के लिए संयुक्त खातेदार किसानों को



शासन के नए निर्णय से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने संयुक्त खाते में धान विक्रय के लिए सह-खातेदारों के पृथक एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब संयुक्त खाते में धान बेचने के लिए केवल लम्बरदार का एग्रीस्टेक पंजीयन आवश्यक होगा। शासन द्वारा 5 अक्टूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। पंजीयन प्रक्रिया में किसानों को आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को देखते हुए लिए गए इस निर्णय का जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने स्वागत किया है। बेलचंदन ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सह-खातेदारों के अलग से एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त होने से किसानों को धान विक्रय के दौरान होने वाली अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी और प्रक्रिया सरल होगी। उन्होंने सहकारिता परिवार एवं किसानों की ओर से मुख्यमंत्री को आभार पत्र प्रेषित कर किसान हित में लिए गए इस निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम का गिफ्ट वितरण शुरू

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार वितरण का सिलसिला शुरू हो गया है। कर्मियों को ट्राली बैग बतौर उपहार बांटे गए। मुख्य अतिथि ने सभी की हौसलाआफजायी की। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक की मांग पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा फरवरी 2025 में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम प्रारंभ की गई थी। विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य प्राप्त करने पर कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि/उपहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई थी। इसके तहत ओएचपी विभाग में कर्मचारियों को अमेरिकन टूरिस्टर के ट्रॉली बैग वितरित किए गए।

लोकल ट्रेन का ठहराव नहीं यात्री पहुंचे डीआरएम आफिस

भिलाई। लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर सी और डी केबिन के रहवासी रायपुर स्थित डीआरएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराया है। इस दौरान जिला दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री व प्रदेश महासचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राम सूर्यवंशी के नेतृत्व में पहुंचे थे। इस दौरान डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि समय रहते लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर रेलवे के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यहां से रोज हजारों की संख्या में लोग अपने काम पर लोकल ट्रेन से निकलते है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आयोजन : आदिवासी संस्कृति पर आधारित मॉडलों ने बढ़ाया आकर्षण, पर्यटन स्थलों के सर्वे और शोध पर दिया जोर

गुरुर कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस पर मॉडल प्रदर्शनी, आदिवासी जीवनशैली और छत्तीसगढ़ के राजकीय प्रतीकों को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर







स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा संगोष्ठी एवं मॉडल प्रदर्शनी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इतिहास विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया जो बस्तर के आदिवासी जीवन शैली और राजकीय चिह्न पर आधारित थे। इनमें प्रमुख रूप से मृतक स्तंभ, लाल बंगला, आदिवासियों का घर, आदिवासियों का आभूषण, आदिवासियों का औजार, आदिवासी युवक युवती मॉडल, आदिवासियों का हाट बाजार, व्यंजन एवं पेय पदार्थ, छग की राजकीय चिन्ह, राजकीय पशु, राजकीय पक्षी, राजकीय वृक्ष, राजकीय फूल, राजकीय फल उल्लेखनीय रहा। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे, एल. हिरवानी, एस जोशी, रोहित सोरी, जीएस देवांगन, प्रज्ञा कोर्पे, डा. वायके धुर्वे, टीएस. साहू, डीके. बर्सेल, डीके. रात्रे उपस्थित थे। प्रो. दीके. बर्सेल ने प्राचीन समय में आदिवासियों की जीवन शैली एवं उनका सामाजिक महत्व के ऊपर प्रकाश डाला गया और वैज्ञानिक ढंग से वर्तमान में रिसर्च करने की जरूरत है बताया गया। छग का पर्यटन हमारे आर्थिक और सामाजिक जीवन को मजबूती प्रदान करती है।

प्रो. एल. हिरवानी ने कहा कि गुरुर के आसपास जो पर्यटन स्थल है वहां जाकर उनका सर्वे कर वास्तविक जानकारी तैयार कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें। प्राचार्य ने बताया कि हमारे छात्रें के द्वारा ऐसा अनूठा कार्य करना अपने आप में गौरव का विषय है निश्चित रूप से बाकी छात्रों के प्रेरित करेगा और पर्यटन स्थलों की जानकारी संग्रह करने में मदद मिलेगी, सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। अतिथियों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन कर परिणामों की घोषणा प्रो डॉ वायके. धुर्वे ने अपने मुखाग्र बिंदु से किया जिसमें प्रथम स्थान आदिवासियों का आभूषण मॉडल डोमेश्वरी, गीतांजलि, पायल, द्वितीय स्थान व्यंजन एवं पेय पदार्थ मॉडल लेखनी, चित्रलेखा, यश्मिन ,टिकेश्वरी, काजल, हिना, सोमिया, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से आदिवासियों का घर पूजा, भारती, टुकेश्वरी एवं आदिवासी युवक युवती मॉडल करण कुमार, प्रकाश कुमार, येशकुमार, चतुर्थ स्थान– संयुक्त रूप से लाल बंगला माडल नंदिनी, मनीषा, आदिवासी हॉट बाजार माडल रोशनी, योगिता, पायल, मोनिका, भोजेश्वरी है।

कार्यक्रम में बीए. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र–छात्रओं सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक प्रेमचंद साहू, प्रो हितेश राठौर, नाजमा बेगम, प्रो .कमलनारायण साहू, हरिशंकर दीवान, अजय सरोज, दीपिका साहू, सीमा साहू, योगेश साहू, सुमन साहू, महेश्वर साहू उपस्थित थे। मंच संचालन प्रो प्रेमचंद साहू द्वारा किया गया, संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मोहन कुमार साहू इतिहास विभाग के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

जुन्नापानी आंगनबाड़ी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम जुन्नापानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों एवं माताओं को पोषण और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के साथ खीर, पूड़ी, भजिया सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ तैयार कर आकर्षक ढंग से सजाए गए। इन व्यंजनों के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित भोजन के महत्व की जानकारी दी गई तथा नन्हे बच्चों को विभिन्न व्यंजन खिलाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक रामभरोसा सोरी, सहायक शिक्षक लखन साहू तथा विशेष अतिथि नौमेश वैष्णव की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती कोठवार, सहायिका सुमित्रा साहू, मितानिन राधिका सुकतेल, डोमिन साहू, रोहित कौशिक सहित बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ खान-पान को लेकर जागरूकता भी दी गई।

आलबरस में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



अंडा। ग्राम पंचायत आलबरस के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, अंडा-निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, पंच अलख राम यादव, सोमनाथ देशमुख एवं अंजू निर्मलकर, पंचायत सचिव सरस्वती टंडन, बाल विकास विभाग से कंचन गौतम, हेडमास्टर गुमिता साहू तथा डॉ. शैलजा चंद्राकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गांव की माताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर माताओं का सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने आंगनवाड़ी एवं मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही और आंगन मिलन के माध्यम से आपसी जुड़ाव तथा जनजागरूकता को बढ़ावा दिया गया।

नप अध्यक्ष तोरण लाल ने आंगनवाड़ी के बच्चों संग मनाया 59वां जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने अपना 59वां जन्मदिन सादगी, सेवा और अपनत्व के साथ मनाया। श्री जय जलाराम-जय जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आंगनवाड़ी के 50 से अधिक नन्हे बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा की महाआरती से हुई। तोरण लाल साहू ने पत्नी भूमिका साहू के साथ आरती कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भूमिका साहू ने पति की आरती उतारकर चंदन तिलक लगाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर तोरण लाल साहू ने कहा कि बच्चों की मुस्कान में ही ईश्वर का वास है। इनके बीच जन्मदिन मनाना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी और सेवा का अवसर है। उन्होंने आंगनवाड़ी बच्चों के लिए स्नेह भोज का भी आयोजन किया।

सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय तोरण लाल साहू को बधाई देने सुबह से देर शाम तक नगरवासियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, पत्रकारों और विभिन्न वर्गों के लोगों का सिलसिला जारी रहा।

खोरदो में त्रिदिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का समापन, कंवर मंडली रही प्रथम

गुरूर। ग्राम खोरदो में त्रिदिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें प्रथम रामधुनी मंडली कंवर, द्वितीय सरगम रामधुनी मंडली बनरौद, तृतीय जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला, चतुर्थ जय मां शीतला रामधुनी मंडली ओदरागहण एवं पंचम लोक कला रामधुनी मंडली भाठागांव रहा। गायन पक्ष में भक्ति सागर रामधुनी मंडली मनौद, झांकी पक्ष हरि ओम रामधुनी मंडली कन्हारपुरी, संगीत पक्ष राम जानकी रामधुनी रेवती नवागांव, वेशभूषा पक्ष राधा कृष्ण मंडली बखरुटोला रहा। कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक शाला मे बाउंड्री वाल की मांग को ध्यान में रखते हुए संध्या अजेंद्र साहू ने गांव वालो की मांग पर अमल करते हुए प्राथमिक शाला मे बाउंड्री वाल निर्माण के लिए 8 लाख रुपये से निर्माण होने वाले बाउंड्री वाल की घोषणा की गई। ग्रामीणों ने जनपद सभापति संध्या साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण इसकी मांग लंबे समय से करते आ रहे थे जो आज पूरा हुआ है।

बालोद में राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में कला और स्वास्थ्य चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां विशाल एवं मनमोहक 'वृहद सूर्य नमस्कार रंगोली' बनाई गई।

मैदान के विशाल भू–भाग पर निर्मित इस गोलाकार रंगोली के केंद्र में भगवान सूर्यदेव का तेजस्वी एवं आकर्षक मुखौटा उकेरा गया। इसके चारों ओर सूर्य नमस्कार के सभी 12 आसनों–प्रणामासन, पादहस्तासन, अश्वसंचालासन, दण्डासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि की मुद्राओं को अत्यंत सजीव और कलात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया। रंगोली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय सनातन संस्कृति और योग परंपरा में सूर्य नमस्कार समग्र स्वास्थ्य, ऊर्जा और एकाग्रता का सर्वोत्तम स्रोत है। रंगों के सटीक संयोजन से तैयार की गई यह रंगोली पूरे मैदान में मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस उत्कृष्ट रचनात्मक प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना की। उल्लेखनीय है कि 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' गतिविधि का मूल उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को रचनात्मक माध्यमों से जोड़ते हुए राष्ट्र–सेवा, सुशासन और स्वस्थ दिनचर्या के प्रति जागरूक करना है। इस रंगोली ने जन–जन को योग को दैनिक जीवन में अपनाने और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी।

आंगन मिलन सेवा में कार्यकर्ता आयशा का सम्मान माताओं और बच्चों को मिला स्वास्थ्य-पोषण का लाभ

बालोद। राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' और राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की 'आंगन मिलन सेवा' जमीनी स्तर पर सेवा दे रहीं कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनसामान्य में सुपोषण के प्रति चेतना जगाने का सशक्त जरिया बन रही है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के साथ–साथ समर्पित कार्यकर्ताओं के योगदान को मंच पर सराहने से मैदानी अमले में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 16 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता आयशा खान इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आयशा खान ने बताया कि 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम के तहत केंद्र में पोषक वातावरण का निर्माण किया



गया। इस दौरान केंद्र से जुड़े सभी हितग्राही, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, शिशुवती माताएं तथा 06 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को व्यापक सामाजिक सहभागिता मिली।

शिविर में उपस्थित सभी माताओं और नौनिहालों का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञों द्वारा माताओं को संतुलित खान–पान, पौष्टिक भोजन, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरी सब्जियों तथा बच्चों के उचित लालन–पालन व वृद्धि निगरानी के संबंध में सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आयशा खान ने बताया कि इस आयोजन से वार्ड के हितग्राहियों को सीधा लाभ मिला है और वे स्वास्थ्य व पोषण के प्रति पहले से कहीं अधिक सजग हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट और निष्ठावान सेवाओं के लिए आयशा खान को विभागीय स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जब अपने ही कार्यस्थल पर जनप्रतिनिधियों और समुदाय के समक्ष सम्मान मिलता है, तो गर्व और आत्मसंतुष्टि की असीम अनुभूति होती है। इस सम्मान ने उनके भीतर समाज और बच्चों की सेवा के संकल्प को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया।

सफाई के अभाव में कलंगपुर भटगांव माइनर नाली बदहाल

घास से पानी का बहाव प्रभावित

बालोद/कलंगपुर। नहर नाली की सफाई के लिए विभाग लाखो रूपये खर्च करती है। लेकिन नहर नालियो की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि जलाशयो से छोड़ा गया पानी किसानो के खेतो तक बहुत मुश्किलों से पहुंच पाता है तथा नहर नालियो में हुए छेद व घासो के कारण किसानो को पर्याप्त लाभ नही मिल पाता है जिसके कारण किसानो को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति कलंगपुर, भटगांव माइनर नाली में देखने को मिल रही है। जहां जिलों की जलाशयों से खेतों में सिंचाई के लिए पानी तो छोड़ा तो गया है, लेकिन नालियों में उपजें बड़े–बड़े घांसो की वजह से खेतों तक पानी बहुत विलम्ब से पहुंच रही है।



तांदुला मुख्य नहर अंतर्गत कलंगपुर, भटगांव माइनर नाली में सफाई के अभाव के चलते सिंचाई में बाधित हो रही है, देखा जा रहा है कि सिंचाई विभाग के नजर अंदाज के चलते बहुत दिनों से इस नाली की सफाई नही हुआ है।

ग्राम कलंगपुर पुल के समीप इस नाली में इतने बड़े–बड़े चितावर नामक घांस उपजे हैं जिनसे नाली पर बह रही पानी भी नहीं दिख रहे हैं।

श्री कृष्ण के मथुरा गमन और कंश वध का किया वर्णन

लोन्डी में भागवत कथा के सातवें दिन श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम लोन्डी जिला बालोद में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन बुधवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में वृंदावन लीला, मथुरा गमन, कंस वध एवं श्री रुक्मणी मंगल कथा के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा के दौरान संत श्री निरंजन महाराज ने वृंदावन की मनोहारी लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोप–गोपियों के साथ उनके प्रेम और भक्ति के प्रसंगों को प्रस्तुत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे रहे।

इसके बाद श्रीकृष्ण के मथुरा गमन एवं कंस वध का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी कध कर धर्म की स्थापना किए जाने की कथा ने श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा स्थल गूंज उठा। इसके पश्चात श्री रुक्मणी मंगल कथा का वर्णन किया गया। रुक्मणी जी की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा और भगवान द्वारा उन्हें स्वीकार किए जाने के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भजन और संगीतमय प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बना रहा। ग्राम लोन्डी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आज 8 अक्टूबर को श्री सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष एवं भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण चढ़ोत्तरी कार्यक्रम, 9 अक्टूबर को श्री गीता सार प्रवचन, हवन पूर्णाहुति, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा स्नान कथा होगा। इस धार्मिक आयोजन के सूत्रधार मानिक राम, लक्ष्मी बाई साहू, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, स्वर्गीय देवारिन बाई, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश साहू, ममता, ब्रह्मराम साहू, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश, ललिना सहित समस्त साहू परिवार ने क्षेत्रवासियों, इष्ट–मित्रों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।

